भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2961

उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2021
14 श्रावण, 1943 (शक)

भारतीय खेल प्राधिकरण का सेवा केंद्र

2961. डॉ. राजदीप राय :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सिल्चर में भारतीय खेल प्राधिकरण (एस.ए.आई.) का सेवा केन्द्र आरंभ करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : एक भौगोलिक क्षेत्र विशेष में वहां की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों की स्थापना की जाती है । वर्तमान में, इस मंत्रालय के समक्ष सिलचर में साई केंद्र स्थापित करने का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । तथापि, गुवाहाटी, असम में स्थित साई का उत्तर-पूर्वी उप केंद्र (एनईएससी), असम राज्य में अन्य स्थानों के साथ-साथ, सिलचर को भी कवर करता है । साई, एनईएससी द्वारा कवर किए गए राज्यों और तत्संबंधी अन्य महत्वपूर्ण खेल विधाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

साई, एनईएससी द्वारा कवर किए गए राज्य	**महत्वपूर्ण खेल विधाएं**
असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम	तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, फुटबॉल, फेंसिंग, कबड्डी, खो-खो, तैराकी, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, आदि ।

*****